प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हमीरपुर जिला के दौरे के दूसरे दिन आज अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के सेरा विश्राम गृह में जनसमस्याएं सुनेंगे और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। बाद में वे पुतड़ियाल ग्राम पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। शाम को मुख्यमंत्री का शिमला लौटने का कार्यक्रम है। पिछले कल मुख्यमंत्री ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया था।

विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कुल्लू जिला के आनी क्षेत्र में सड़कों व नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य लोकनिर्माण विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर उन गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जोड़ने पर बल दिया जाएगा जहां अभी तक सड़क नहीं पहुंची है। कल शाम सिराज उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विकमादित्य सिंह ने यह बात कही। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग–305 के निर्माण की प्रक्रिया को जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जलोड़ी जोत सुरंग की निर्माण प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों का भी समाधान किया जा रहा है।

धान खरीद

प्रदेश के चार जिलों सिरमौर, सोलन, कांगड़ा और ऊना में इन दिनों धान की खरीद जोरों पर है। चारों जिलों में धान खरीद के लिए 11 केंद्र स्थापित किए गए हैं। राज्य में अभी तक 2 हजार 9 सौ 78 किसानों से एक लाख अड़सठ हजार 8 सौ 26 क्विंटल धान की फसल खरीदी जा चुकी है। जिसमें से 2 हजार 2 सौ 72 किसालों को करीब 32 करोड़ 37 लाख रूपये की राशि प्रदान की गई है। प्रदेश में धान खरीद के मामले में अभी तक सिरमौर जिले का एपीएमसी पांवटा साहिब धान खरीद केंद्र प्रथम स्थान पर है। सिरमौर जिला कृषि विभाग के उपनिदेशक राज कुमार ने बताया कि धौलाकूआं व पांवटा साहिब में दो धान खरीद केंद्रों के माध्यम से अब तक 44 हजार क्विंटल धान किसानों से खरीदा जा चुका है, जिसमें अकेले पांवटा धान खरीद केंद्र से 27 हजार 46 क्विंटल धान खरीदा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजीकरण के बाद ही धान खरीदा जा रहा है और तय समय सीमा के भीतर किसानों का पैसा उनके खातों में डाला जा रहा है।

अपूर्व देवगन

मंडी ज़िले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 2 हज़ार से अधिक की आबादी वाला एक गांव आदर्श सौर गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मंडी में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस गांव को सौर गांव के तौर पर विकसित करने के लिए एक करोड़ रूपये प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सौर गांव का चयन करने के लिए गांवों की एक–दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करवाई जाएगी। अपूर्व देवगन ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की छतों पर 3 किलोवॉट तक की क्षमता के ग्रिड क्नेक्टिड रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट पर सरकार द्वारा उपदान की सुविधा दी जा रही है।

अश्व मेला

शिमला जिला के रामपुर बुशहर में बीते कल शुरू हुए अश्व मेले में अश्व प्रदर्शनी लोगों को खूब भा रही है। प्रदर्शनी के पहले दिन पशुपालन विभाग ने 156 अश्वों का पंजीकरण किया। विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारी अनिल शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में पिन बैली से आए चामुर्थी घोड़े विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जो अपनी अनूठी विशेषताओं के लिए प्रसिद्व हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त रामपुर, कुल्लू और किन्नौर से भी घोड़े इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि चामुर्थी नश्ल के घोड़े प्रदेश के बर्फीले इलाकों में आसानी से रह सकते हैं।

मौसम

प्रदेश में शुष्क मौमस का दौर जारी है। पिछले एक माह से अधिक समय से बारिश न होने से गेहूं की बिजाई कार्य प्रभावित हुआ है, जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। साफ मौसम के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी है और जनजातीय व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में पारा शून्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आगामी 10 नवंबर तक बारिश–बर्फबारी की संभावना से इंकार किया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–प्रतिनियुक्ति रद्द, वापस बुलाए 100 शिक्षक–दूसरे राज्यों में तैनात शिक्षकों को नोटिस जारी कर रिपोर्ट करने के निर्देश। जबकि दैनिक जागरण के शब्द हैं–100 जेबीटी शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति रद्द, प्रदेश में वापस बुलाए।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–कालका–शिमला ट्रेन को ग्रीन हाइड्रोजन से चलाए केंद्र–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर किया आग्रह। वहीं दैनिक भास्कर लिखता है–सीएम ने कालका–शिमला रेल लाइन को ग्रीन हाइड्रोजन से संचालित करने का किया आग्रह। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–12वीं की फाइनल परीक्षा में जुड़ेंगे तीन कक्षाओं के नंबर–एनसीटीई का नया नियम हिमाचल में भी लागू।

मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है—सर्दी के मौसम में भी पारा तोड़ रहा रिकॉर्ड, हिमाचल में सूखे जैसे हालात। वहीं पंजाब केसरी ने लिखा है—कुल्लू में ठंड से साधु की मौत, आज से 11 बजे के बाद रोहतांग नहीं जाएंगी गाड़ियां।